लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5568

06 अप्रैल, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा

5568. श्री हँसमुखभाई एस. पटेल:

क्या वस्त्र **मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार हथकरघा उत्पादों की ई-मार्केटिंग, मीडिया-मार्केटिंग को बढ़ावा देने के लिए कोई सहायता प्रदान करती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) गुजरात में उद्योगों द्वारा प्राप्त लाभों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) से (ग): हथकरघा बुनकरों/एजेंसियों को अपने उत्पादों को ऑनलाइन बेचने की सुविधा प्रदान की जाती है जिसके लिए नीतिगत ढांचे के तहत 23 ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों को वस्त्र मंत्रालय के साथ जोड़ा गया है। इसके अलावा, सरकारी ई-मार्केट प्लेस (जेम) पर बुनकरों को ऑन-बोर्ड करने संबंधी कदम उठाए गए हैं ताकि वे अपने उत्पादों को सीधे विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों को बेच सकें। इस कार्य के शुरू होने की तारीख के पहले से ही ऑन-बोर्ड किए गए 6,252 बुनकरों सहित, अब तक 1,49,429 बुनकरों और हथकरघा संगठनों को जेम (GeM) पोर्टल पर ऑन-बोर्ड किया जा चुका है। इस पहल के माध्यम से पोर्टल पर ऑन-बोर्ड किए गए बुनकरों और हथकरघा संगठनों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा इस प्रकार है:-

राज्य का नाम	ऑनबॉर्ड किए गए बुनकरों/हथकरघा एजेंसियों की संख्या
आंध्र प्रदेश	32,435
अरुणाचल प्रदेश	2,183
असम	3,816
बिहार	1,270
छत्तीसगढ	2,578
दिल्ली	160
गुजरात	3,422
हरियाणा	1,896

हिमाचल प्रदेश	393
जम्मू और कश्मीर	28
झारखंड	911
कर्नाटक	8,533
केरल	7,007
मध्य प्रदेश	5,686
महाराष्ट्र	893
मणिपुर	3,423
मेघालय	961
मिजोरम	505
नागालैंड	1,178
ओडिशा	4,145
पंजाब	240
राजस्थान	1,187
तमिलनाडु	16,495
तेलंगाना	22,440
त्रिपुरा	4,088
उत्तर प्रदेश	6,865
उत्तराखंड	1,593
पश्चिम बंगाल	8,846

हथकरघा बुनकरों की सहायता हेतु वर्ष 2020 में #वोकल4हैंडमेड और 2021 में #मायहैंडलूममायप्राइड के तहत सोशल मीडिया अभियान आयोजित किए गए। केंद्रीय मंत्रियों और राज्य के मुख्यमंत्रियों से भी अन्य के अलावा, इन सोशल मीडिया अभियानों में भाग लेने और समर्थन करने का अनुरोध किया गया था। हथकरघा को लोकप्रिय बनाने, भारतीय जनता की रुचि को प्रोत्साहित करने और बुनकरों के लिए बिक्री के अवसर पैदा करने के लिए मार्केटिंग कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया।

*****